
आज़ादी का अमृत महोत्सव



# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 18.07.2022 से 23.07.2022)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## 73वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव
(दिनांक 19.07.22)




**विषय: 73वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज कुरूक्षेत्र पहुंचकर यहां आयोजित 73 वें वन महोत्सव में भाग लिया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हमें ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने के साथ–साथ उनकी रक्षा और सुरक्षा करने का भी संकल्प लेना चाहिए। हरियाणा सरकार ने पेड़ों से लगाव रखने वाले और पर्यावरण को संरक्षित करने वाले लोगों के लिए दर्शनलाल जैन पर्यावरण अवॉर्ड की शुरूआत की है, भविष्य में पर्यावरण से जुड़े अवॉर्ड का और विस्तार किया जाएगा।

इस दौरान मुख्यमंत्री जी ने सर्वप्रथम 1857 की क्रांति के महानायक श्री मंगलपांडे की जयंती पर उन्हें नमन किया। वन महोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सावन का पावन मास चल रहा है। हर तरफ प्रकृति ने अपनी अनूठी छटा बिखेरी हुई है। इस हरियाली में वन तो हरा भरा है ही लेकिन मन भी हरा भरा रहता है। वन अपने आप में उत्सव है। वन में चले जाते हैं तो वृक्षों का उत्सव अनोखी छटा बिखेरता है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वन महोत्सव की

# साप्ताहिक सूचना पत्र




शुरूआत सबसे पहले 1950 में कन्हैयालाल माणिकलाल ने की थी। तभी आज हम 73वां वन महोत्सव मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि कालांतर में इस पृथ्वी पर सबसे पहले वन उगे होंगे, पृथ्वी की जितनी आयु है उतनी वनों की आयु होगी। अभी तक के शोध से पता चला है कि वन किसी और गृह पर नहीं है, यह सिर्फ पृथ्वी पर हैं । हमें ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने चाहिए और इनकी रक्षा व सुरक्षा करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि वनों में भगवान का वास होता है। इसे समझाते हुए कहा कि भ से भूमि, ग से गगन, वा से वायु और न से नीर इसका अर्थ है। ये सभी तत्व वनों में मिलते हैं। उन्होंने कहा कि वनों में पंचतत्त्व भी होते हैं। वन से वायु मिलती है, वनों की लकड़ी से आग जलती है, वन इस पृथ्वी पर उगते हैं और वनों की वजह से वर्षा होती है और हमें जल मिलता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पेड़ों में जीव होते हैं। हमें जीवों को बचाना है तो वनों को बचाना होगा। आज हर व्यक्ति को दृढ़ संकल्प लेने की जरुरत है कि वह कम से कम एक पौधा जरुर लगाए और इसे पेड़ बनने तक सुरक्षित रखे।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यह पौधे लगाने का यह सबसे उपयुक्त समय है। जुलाई, अगस्त और सितंबर में बारिश होती है। ऐसे में हमें ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने चाहिए। सरकार

# साप्ताहिक सूचना पत्र

हर वर्ष पौधे लगाती है। इस वर्ष भी 2 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। मौजूदा समय में हरियाण ा का वन क्षेत्र 7.14 प्रतिशत है। इसे 20 प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए अधिक से अधिक पेड़–पौधे लगाना बड़ा जरूरी है और यह जिम्मेवारी हम सबकी बनती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने बागवानी करने वाले किसानों को 1 एकड़ में बाग लगाने पर 10 हजार रुपये प्रति एकड़ तीन साल तक मुआवाजा देने की योजना भी शुरू की है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पतंजलि योग पीठ के सहयोग से मोरनी क्षेत्र के 50 हजार एकड़ में औषधीय पौधे लगाए जाने की योजना बनाई गई है। इस योजना से वहां के किसानों को लाभ मिलेगा। औषधीय पौधे हमारे काम आते हैं और जीवन रक्षक का कार्य करते हैं। मुख्यमंत्री ने वनों के महत्व पर बोलते हुए कहा कि महात्मा बुद्ध को पेड़ के नीचे ही ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। भगवान श्री कृष्ण ने वट वृक्ष के नीचे ही गीता का ज्ञान दिया था। इसके अलावा संत और सन्यासियों ने वृक्षों के नीचे ही तपस्या की थी। वृक्षों का महत्व हम सभी के जीवन में है।


## शस्त्र लाइसेंस संबंधित सेवाओं के ऑनलाइन पोर्टल का शुभारंभ

(दिनांक 19.07.22)




**विषय: शस्त्र लाइसेंस संबंधित सेवाओं के ऑनलाइन पोर्टल का शुभारंभ।**

**प्रभाव:** हरियाणा पुलिस की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने के उद्देष्य से माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज आरटीसी भोंडसी, गुरुग्राम में शस्त्र लाइसेंस संबंधित 14 शस्त्र लाइसेंस सेवाओं और 6 अस्त्र – शस्त्र प्रशिक्षण केंद्रों का शुभारंभ किया।




उन्होंने कहा कि इस पहल से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के डिजिटल इंडिया संकल्प में हरियाणा सरकार की ओर से किए जा रहे प्रयासों में एक और आयाम जुड़ गया है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वास्तव में सुशासन के नाते से प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर राज्य सरकार लगातार पिछले 7 सालों से प्रौद्योगिकी के माध्यम से गवर्नेंस को कैसे बेहतर किया जाए इस ओर आगे बढ़ रही है। इसी पहल के अंतर्गत आज शस्त्र लाइसेंस सेवाओं और अस्त्र शस्त्र प्रशिक्षण केंद्रों का शुभारंभ किया गया है।

उन्होंने कहा कि जो लोग शस्त्र लाइसेंस के लिए आवेदन करते थे, उन्हें कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ते थे। इतना ही नहीं, लाइसेंस प्रक्रिया में भ्रष्टाचार का आरोप भी लगता था। इन्हीं सारी कठिनाईयों को दूर करने के लिए आज ऑनलाइन सेवा का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि नियमावली के अनुसार इन सेवाओं के लिए पहले जो समयसीमा निर्धारित थी, उसमें संशोधन किया गया है और अब मात्र 25 दिन में लाइसेंस प्रक्रिया पूरी हो सकेगी।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

यदि किसी को लाइसेंस नहीं मिलता या कोई समस्या आती है तो वह अपील दायर कर सकता है। पहले अपील दायर करने की सीमा 60 दिन होती थी, अब इस सीमा को भी कम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अबसे मात्र 2100 रुपये में लाइसेंस बनेगा, जिसमें 1500 रुपये प्रशिक्षण तथा 500 रुपये लाइसेंस फीस तथा 100 रुपये सरल केंद्र की फीस शामिल है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नागरिकों को पाँच एस यानी शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, स्वाभिमान और स्वावलंबन सुनिष्चित करने की दिशा में कार्य कर रही है। शासन का असल मायने में अर्थ ही नागरिकों को यह मूलभूत सुविधाएं प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि ईज ऑफ डुइंग बिजनेस की तर्ज पर सरकार ईज ऑफ लिविंग की दिशा में आगे बढ़ रही है ताकि नागरिकों के जीवन को सुखमय बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि केवल आर्थिक संपन्नता से ही समाज सुखी नहीं होता है, बल्कि समाज में रहन–सहन का तरीका, निर्विघ्न जीवनयापन करने जैसी कई मानदंड होते हैं। इसी विज़न के साथ आज ऑनलाइन सुविधाओं का शुभारंभ किया गया है, ताकि नागरिकों को घर बैठे ही इन सुविधाओं का लाभ मिल सके।

मुख्यमंत्री जी द्वारा ऑनलाइन शुरू की गई 14 आर्म्ड लाइसेंस सेवाओं, जिनमें नए शस्त्र लाइसेंस जारी करना, शस्त्र लाइसेंस का नवीनीकरण, शस्त्र का बिक्री /हस्तांतरण/उपहार, बाहरी लाइसेंस का पंजीकरण, शस्त्र का अधिग्रहण, शस्त्र अधिकार क्षेत्र के भीतर पते का परिवर्तन, शस्त्र की खरीद अवधि का विस्तार, शस्त्र लाइसेंस में शस्त्र का अनुमोदन, शस्त्र लाइसेंस से शस्त्र हटाना, एक प्रकार के शस्त्र का परिवर्तन, डुप्लीकेट शस्त्र लाइसेंस जारी करना, गोला बारूद की मात्रा में परिवर्तन, क्षेत्र की वैधता का विस्तार, और शस्त्र लाइसेंस रद्द/निलंबन /निरस्तीकरण शामिल है।

इसके अलावा, 6 अस्त्र शस्त्र प्रशिक्षण केंद्रों का भी शुभारंभ किया गया, जिनमें क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र, भोंडसी, गुरुग्राम, पुलिस प्रशिक्षण केंद्र, सुनारिया, रोहतक, पुलिस लाइंस, मोगीनंद, पंचकूला, हरियाणा पुलिस अकादमी, मधुबन, करनाल, पुलिस लाइन, हिसार और पुलिस लाइंस, नारनौल शामिल है।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## गुरूग्राम से तीन राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं का लोकार्पण

(दिनांक 19.07.22)




**विषय: गुरूग्राम से तीन राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं का लोकार्पण।**

**प्रभाव:** केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी जी के साथ माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज हरियाणा में तीन राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण किया।

हरियाणा में इन्फ्रास्ट्रक्चर सुधार का उल्लेख करते हुए श्री गडकरी जी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के नेतृत्व में पूरे देश में सबसे आगे बढ़ेगा हरियाणा। उन्होंने आज गुरूग्राम से 3450 करोड़ रूपये की लागत से बनाए गए 3 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण किया जिनमें गुरूग्राम से सोहना तक ऐलिवेटिड हाईवे, एनएच –11 पर रेवाड़ी से अटेली मंडी चार मार्गीय सड़क तथा खेरड़ी मोड़ से भिवानी बाईपास होते हुए हालुवास गांव तक चार लेन परियोजना शामिल थी।

इस मौके पर माननीय नितिन गडकरी जी ने कहा कि हरियाणा में लगभग 50 हजार करोड़ रूप्ये की लागत से राष्ट्रीय राजमार्गों

# साप्ताहिक सूचना पत्र



का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने इन परियोजनाओं का उल्लेख भी किया और बताया कि एक हजार 15 किलोमीटर ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे तथा ग्रीन फील्ड कोरिडोर का निर्माण हो रहा है। उन्होंने कहा कि उनका सपना है कि नरीमन प्वाइंट से गुरूग्राम तक 12.5 घंटे में पहुंचना चाहिए। श्री गडकरी ने बताया कि लगभग 1 लाख करोड़ रूप्ये की लागत से दिल्ली –मुंबई एक्सप्रेस वे का निर्माण तीव्र गति से चल रहा है और यह एक्सप्रेस वे गुरूग्राम जिला में सोहना से शुरू होता है। उन्होंने कहा कि इस सोहना रोड़ को ऐसा बनाया जाएगा कि भविष्य में भी इस पर यातायात की समस्या नही आएगी।

श्री गडकरी जी ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री जो भी प्रस्ताव लेकर उनके पास आते हैं , उन को वे मंजूर कर देते हैं। इसके साथ श्री गडकरी जी ने कहा कि वे अगले 5 साल में पैट्रोल के प्रयोग को वाहनों में समाप्त कर दिया जाए, इसके लिए वे ई–वाहनों को बढ़ावा दे रहे हैं। श्री गडकरी जी ने बताया कि केन्द्र सरकार 50 हजार ई–बस देने की योजना बना रही है। हरियाणा भी इसी तर्ज पर ई –बस शुरू करे । इससे फायदा ही फायदा होगा क्योंकि ई–बस का 41 रूप्ये 25 पैसे प्रति किलोमीटर का खर्च आता है । लोग एसी बसों में घूमेंगे तो सरकार को फायदा होगा। इससे पैट्रोल व डीजल से होने वाला प्रदूषण कम होगा । श्री गडकरी जी ने कहा कि आप हरियाणा के किसानों को अन्नदाता नही बल्कि ऊर्जादाता बनाएं।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

किसान के ट्यूबवैल से पानी निकलेगा और उससे ग्रीन हाईड्रोजन बनेगी, जोकि वाहनों में ईंधन के तौर पर प्रयोग होती है। उन्होंने ये भी कहा कि अपने किसानों से कहें कि वे पराली ना जलाएं क्योंकि पराली से ईंधन बनता है। पराली की 2 हजार रूपये प्रति टन की कीमत मिलेगी और उससे बिटूमिन बनेगा जिसे खरीदने के लिए एनएचएआई तैयार है। उन्होंने इथेनॉल के प्रयोग पर भी बल दिया और कहा कि हरियाणा में डीजल व पैट्रोल के पंप के स्थान पर इथेनॉल के पंप लगवाएं और सभी इथेनॉल से गाड़ियां चलाएं। इससे वाहन चालको का आधा पैसा बचेगा और प्रदूषण से भी राहत मिलेगी। श्री गडकरी जी ने द्वारका एक्सप्रैस वे का भी उल्लेख किया कि इस पर 10 हजार करोड़ रूप्ये खर्च कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस एक्सप्रैस वे पर शिवमूर्ति से 2 टनल–टी3 टर्मिनल और वसंत कुंज की तरफ बनाई जाएंगी जिससे गुरूग्राम का ट्रेफिक भी कम होगा।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश में सभी रेलवे फाटकों पर रेलवे ओवरब्रिज अथवा रेलवे अंडरब्रिज बनाए जा रहे हैं। पिछले 8 वर्षों में प्रदेश में 58 आरओबी अथवा आयूबी का निर्माण पूरा किया जा चुका है और 45 आरओबी अथवा आरयूबी का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा प्रदेश में राजमार्गों का जाल बिछाने और सड़क कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए केन्द्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी जी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि आज का दिन हरियाणा के लिए ऐतिहासिक है, जिस दौरान एक ही दिन में केन्द्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी ने हरियाणा प्रदेश को 3450 करोड़ रूपये की सड़क परियोजनाओं का तोहफा दिया है। इन परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि गुरूग्राम में बनाया गया एनएच–248ए दिल्ली–गुरुग्राम हाईवे को दिल्ली–वडोदरा एक्सप्रेस वे से जोड़ता है। इससे गुरुग्राम से सोहना के बीच की यात्रा के समय में भी कमी आएगी। उन्होंने कहा कि जहां पहले गुरूग्राम से सोहना जाने में 1 घंटे का समय लगता था, वहीं अब मात्र 15 मिनट में सोहना पहुंचा जा सकता है।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने यह भी कहा कि एक अनुमान के अनुसार वर्तमान में राजीव चौंक से सोहना लगभग 20

# साप्ताहिक सूचना पत्र



हजार वाहन गुजरते हैं और इन वाहनों की संख्या आगे भी बढ़ेगी। इस तथ्य को मद्देनजर रखते हुए उन्होंने श्री गडकरी जी से कहा कि जिस प्रकार से उन्होंने चौन्नई में चार लेयर की सड़क बनाई हैं उसी तर्ज पर हमारे यहां भी दो–तीन व चार लेयर की सड़के बनवाएं ताकि वाहनों की बढ़ती संख्या से ट्रेफिक जाम की समस्या भविष्य में ना हो।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इस प्रकार की मल्टी लेयर सड़के विदेशों में देखने को मिलती हैं। श्री गडकरी जी हमारे यहां ऐसी सड़के बनवाकर उन पर प्रति घंटा वाहनों की संख्या का आंकलन करने वाले मीटर लगवा दें। फिर हम भी दुनिया के अग्रणी देशों में शामिल हो जाएंगे। उन्होंने ये भी कहा कि पिछले 10 वर्षों में गुरूग्राम में काफी बदलाव आएं हैं जिसने 10 साल पहले गुरूग्राम को देखा होगा वह यदि आज देखेगा तो उसकी आंखे फटी रह जाएंगी। उन्होंने कहा कि गुरूग्राम आज भारत वर्ष का ही नही दुनिया में विख्यात सिटी बन गया है। गुरूग्राम को ट्रेफिक जाम से मुक्त करने में सहयोग देने के लिए उन्होंने केन्द्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी जी का आभार जताया और कहा कि इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुधार करने की आपकी काबिलियत से ही आपकों 'फलाईओवर मैन' तथा 'हाईवे मैन' कहा गया है। उन्होंने हरियाणा में सड़क इन्फ्रास्ट्रक्चर सुधार का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश के 12 शहरों में 950 करोड़ रूप्ये की लागत से नए बाईपास निर्माणधीन हैं।

उन्होंने केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी जी के सामने ट्रांस यमुना हाईवे बनवाने की मांग रखी और कहा कि इसके बनने से हरियाणा के यमुनानगर तथा उत्तर प्रदेश के यात्रियों को लाभ मिलेगा। इसी प्रकार, उन्होंने हरियाणा में ई–बस अर्थात् हैंगिग बस चलवाने की मांग भी रखी और कहा कि इससे दिल्ली आवागमन आसान हो जाएगा।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## गुरुग्राम में सार्वजनिक परिवहन के लिए एसी बसों की शुरूआत

(दिनांक 19.07.22)

**विषय: गुरुग्राम में सार्वजनिक परिवहन के लिए एसी बसों की शुरूआत।**



**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज गुरुग्राम मेट्रोपॉलिटन सिटी बस लिमिटेड (जीएमसीबीएल) के बस बेड़े में शामिल नई एसी बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सार्वजनिक परिवहन के लिए शहर में चलने वाली यह पहली एसी बसें होंगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने कहा कि शहर में सार्वजनिक परिवहन बुनियादी ढांचे में सुधार हेतू एक कदम और आगे बढ़ते हुए जीएमसीबीएल द्वारा यह एक अच्छी पहल है। ये बसें गर्मी के महीनों के दौरान यात्रियों को काफी राहत और सुविधा प्रदान करेंगी तथा अधिक से अधिक नागरिकों को शहर के भीतर अपनी दैनिक यात्रा के लिए सार्वजनिक परिवहन का चुनाव करने के लिए प्रोत्साहित करेंगी। जीएमसीबीएल बसों की रेगुलर सुविधाओं जैसे सीसीटीवी निगरानी, पैनिक बटन, इनडोर एलईडी डिस्प्ले इत्यादि से लैस हैं। इन बसों का किराया जीएमसीबीएल द्वारा लिया जाने वाला सामान्य बस किराए के समान होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जीएमसीबीएल के पास गुरुग्राम में चलने वाली 150 बसों और फरीदाबाद में चलने वाली 50 बसों का बेड़ा है। हम शहर में यात्रियों के एक बड़े वर्ग, जो अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए गुरुग्राम बस सेवा पर निर्भर हैं, को कवर करने के लिए बसों के बेड़े के विस्तार और अधिक बसों व मार्गों को जोड़ने की दिशा में भी काम किया जा रहा है।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड की 55वीं बैठक

(दिनांक 19.07.22)




**विषय: जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड की 55वीं बैठक।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने जल आपूर्ति और सिवरेज बोर्ड की 55 वी बैठक की अध्यक्षता करते हुए उनके कामों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आम जनता को एक छत के नीचे पानी और फूड टेस्टिंग की सुविधा मिलनी चाहिए, ताकि वह अपने घरों में आने वाले पानी और खाद्य पदार्थों की जांच करवा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि स्वास्थ्य एक गंभीर विषय है, इसलिए इस संबंध में कोई योजना बनाकर उसे जल्द से जल्द लागू करें। आज जगह–जगह टेस्टिंग स्पॉट बनाने की आवष्यकता है ताकि लोग इसका फायदा उठा सकें और समय–समय पर पानी व खाद्य सामग्री की जांच करवा सकें।

उन्होंने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि जहां–जहां जल आपूर्ति के लिए लाइनें बिछाई जा रही हैं, वहां–वहां गलियों की मरम्मत का कार्य जल्द

# साप्ताहिक सूचना पत्र



से जल्द पूरा किया जाए। आम लोगों को इस विशय पर किसी तरह की परेशानी नहीं आनी चाहिए। विभाग जिस भी एजेंसी से यह कार्य करवाए, उससे कार्य के दौरान और कार्य पूरा होने की तस्वीरें ले ताकि यह सुनिष्चित हो सके कि वहां पानी की लाइनें बिछाने के बाद गलियों की व्यवस्था ठीक कर दी गई है।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पानी की एक भी बूंद बर्बाद नहीं होनी चाहिए। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) से निकलने वाले पानी का पुनः इस्तेमाल किया जाए। जहां–जहां एसटीपी लगे हुए हैं, उससे निकलने वाले पानी का नजदीक से नजदीक क्या इस्तेमाल किया जाए, इसे सुनिष्चित किया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जिन खेतों में जल भराव की समस्या है, वहां पर सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग नैचुरल ड्रेन आउट का सिस्टम तैयार करे। विभाग ऐसी जगहों का नक्शा तैयार करे, जहां–जहां जल भराव की समस्या है। जिन जगहों पर आसपास कोई नहर नहीं है, वहीं नैचुरल ड्रेन आउट का सिस्टम तैयार किया जाना चाहिए।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सीवरमैन या सफाई का काम करने वाले कर्मचारियों को ही इंटरप्रेन्योर बनने के लिए प्रोत्साहित करें, ताकि वे सफाई से जुड़ी मशीनों में निवेश कर खुद सफाई कार्य करें। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग सफाई कर्मचारियों को इस कार्य में आगे बढ़ाने के लिए योजना तैयार करे, उन्हें लोन लेने व प्रशिक्षण दिलवाने में मदद करें।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## पंचकुला मैट्रोपोलिटन डेवलपमेंट अथोरिटी' की प्रथम बैठक

(दिनांक 20.07.22)



**विषय: पंचकुला मैट्रोपोलिटन डेवलपमेंट अथोरिटी' की प्रथम बैठक।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज पंचकुला मेट्रोपोलेटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (पीएमडीए) की पहली बैठक की अध्यक्षता की। मुख्यमंत्री जी 'पंचकुला मैट्रोपोलिटन डिवलेपमैंट अथोरिटी' के चेयरमैन भी हैं, उन्होंने कहा कि 'पंचकुला मैट्रोपोलिटन डिवलेपमैंट अथोरिटी' के गठन से पंचकुला जिला के विकास को गति मिलेगी। अथोरिटी के गठन के पीछे सरकार का उद्देष्य पंचकूला में रोजगार के अवसर उत्पन्न कर वहां के निवासियों को गुणवत्तापूर्ण जीवन उपलब्ध करवाना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पंचकुला के सतत, दीर्घकालीन तथा संतुलित विकास के लिए अनेक योजनाएं

को अमलीजामा पहनाएगी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पंचकुला को विकास में किसी भी स्तर पर पीछे नहीं रहने दिया जाएगा। हमारे लिए गुरुग्राम जितना महत्वपूर्ण है पंचकुला भी उतना ही महत्वपूर्ण है। और उसी तर्ज पर पंचकुला का विकास किया जाएगा।

उद्योगों के नाते हो या पर्यटन के नाते हो पंचकुला में अपार संभावनाएं है। और सरकार इस दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने अधिकारीयों को पंचकुला के विकास के लिए विस्तृत योजना बनाने और उसकी समय सीमा तय करने के लिए कहा। ताकि पंचकुला के विकास को गति दी जा सके।

इस दौरान 'पंचकुला मैट्रोपोलिटन डिवलेपमैंट अथोरिटी' के सीईओ श्री अजीत बालाजी जोशी ने अथॉरिटी की पहली बैठक में अथॉरिटी की एस्टेबिलमैंट, रिसोर्स मोबाइलिजेशन के अलावा प्रस्तावित विभिन्न आईटी पहलों के बारे में विस्तार से बताया। पंचकुला में सिटी बस सर्विस आरंभ करने समेत कई अन्य सुविधाएं चालू करने की संभावनाओं का भी खाका रखा।

## पिंजौर बाईपास का औचक निरीक्षण

(दिनांक 21.07.22)



**विषय: पिंजौर बाईपास का औचक निरीक्षण।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी आज अचानक पिंजौर पहुंचे, जहां उन्होंने पिंजौर बाईपास के निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से निर्माण कार्यों में हो रही देरी के कारणों की जानकारी ली और उन्हें आगामी प्रक्रियाओं को जल्द पूर्ण

# साप्ताहिक सूचना पत्र



कर शेष कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पिंजौर बाईपास परियोजना के दौरान रेलवे लाइन और राश्ट्रीय राजमार्ग क्रॉसिंग पर कार्य बहुत दिनों से किन्हीं तकनीकी कारणों से रुका हुआ था, उसी का आज निरीक्षण किया गया है। इस संबंध में जल्द एक बैठक कर इन कार्यों को तेजी से पूरा करवाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि यह बाईपास बद्दी रोड में मिलेगा, जिससे हरियाणा के साथ–साथ अन्य प्रांतों के लोगों को आवाजाही में सुगमता होगी।

पिंजौर –नालागढ़ फोरलेन हाईवे के संबंध में जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कंपनियों व रेलवे के किन्हीं कारणों से कार्य रुका हुआ है। स्थिति की जानकारी लेकर जल्द ही कार्यों को शुरू करवाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सड़कों के मामले में हरियाणा आज बेहतर स्थिति में है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को हरियाणा की ओर से जब भी कोई प्रोजेक्ट के लिए अनुरोध किया जाता है तो वे सदैव पूर्ण होते हैं।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## नेशनल ई–विधान एप्लीकेशन (नीवा) की दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

(दिनांक 20.07.22)




**विषय: नेशनल ई–विधान एप्लीकेशन (नीवा) की दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ।**

**प्रभाव:** मुख्यमंत्री जी ने आज पंचकुला पहुंचकर ई–विधान की दो दिवसीय कार्यशाला में हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आगामी विधानसभा सत्र में ई–विधानसभा की झलक देखने को मिलेगी। विधानसभा में विधायकों के सामने टैबलेट की स्क्रीन नजर आएगी। इसे अपनाने में शुरूआत में झिझक जरुर होगी लेकिन धीरे–धीरे प्रयास करेंगे तो इसमें पारंगत होंगे। उन्होंने कहा कि ई–विधानसभा पर्यावरण के नाते से भी उपयोगी साबित होगी, यह व्यवस्था विधानसभा को पेपरलैस बनाएगी। इससे कागज की बचत होगी और पेड़ बचाए जा सकेंगे।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा को जल्द ही विधानसभा का नया भवन भी

# साप्ताहिक सूचना पत्र

मिलेगा। इस पर सहमति बन गई है, कागजी प्रक्रिया को जल्द पूरा कर लिया जाएगा। नया भवन बनने के बाद हरियाणा विधानसभा का मौजूदा भवन भी रहेगा, दोनों भवनों में अपनी तरीके से कामकाज किया जाएगा। विधानसभा के नए भवन की जरुरत महसूस की जा रही थी। भविश्य में विधायकों की संख्या बढ़ती है तो मौजूदा विधानसभा में सीटें बढ़ाने की भी जगह नहीं है। इसके चलते नई विधानसभा बनाने का फैसला लिया गया है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जल्द ही हरियाणा विधानसभा का सुंदर भवन तैयार किया जाएगा।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ई–विधानसभा के लिए हरियाणा विधानसभा द्वारा बढ़ाया गया कदम मील का पत्थर साबित होगा। आज सारी दुनिया डिजिटलाइजेशन की ओर बढ़ रही है। आज कंप्यूटर के युग ने जीवन को सरल कर दिया है। सभी विभागों में कंप्यूटर से कार्य हो रहा है। हमें नई पीढ़ी के साथ चलना है तो कंप्यूटर का इस्तेमाल करना होगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज दुनियाभर के एप्लीकेशन हमारे फोन में हैं। इसी तरह हमें ई–विधान एप्लीकेशन (नीवा) को



भी सीखना है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि नेशनल ई–विधान एप्लीकेशन (नीवा) के माध्यम से हम हरियाणा की विधानसभा ही नहीं बल्कि लोकसभा के साथ–साथ दूसरे राज्यों की विधानसभाओं के कामकाज को भी देख सकते हैं। इसके साथ ही दूसरी विधानसभाओं के कामकाज से तुलना भी कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि विधानसभा में पेश किए जाने वाले बिल, नोटिफिकेशन, प्रश्न–उत्तर आदि के बड़े–बड़े कागज के बंडल उठाकर लेकर जाते थे लेकिन अब ये सभी हमारे टैबलेट की स्क्रीन पर मौजूद होगा। उन्होंने जोर दिया कि ई–विधानसभा की कार्यप्रणाली को सभी विधायकों की सीट पर बैठाकर एक मोक ई–सेशन के माध्यम से करवाया जाना चाहिए।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## नीति आयोग के इंडिया इनोवेशन इंडेक्स में हरियाणा शीर्ष राज्यों में शामिल

(दिनांक 21.07.22)

| Major States | | |
|---|---|---|
| States | III 2021 | Rank |
| Karnataka | 18.01 | 1 |
| Telangana | 17.66 | 2 |
| Haryana | 16.35 | 3 |
| Maharashtra | 16.06 | 4 |
| Tamil Nadu | 15.69 | 5 |
| Punjab | 15.35 | 6 |
| Uttar Pradesh | 14.22 | 7 |
| Kerala | 13.67 | 8 |
| Andhra Pradesh | 13.32 | 9 |
| Jharkhand | 13.10 | 10 |
| West Bengal | 12.96 | 11 |
| Rajasthan | 12.88 | 12 |
| Madhya Pradesh | 12.74 | 13 |
| Gujarat | 12.41 | 14 |
| Bihar | 11.58 | 15 |
| Odisha | 11.42 | 16 |
| Chhattisgarh | 10.97 | 17 |

**विषय: नीति आयोग के इंडिया इनोवेशन इंडेक्स में हरियाणा शीर्ष राज्यों में शामिल।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज नीति आयोग द्वारा जारी इनोवेशन इंडेक्स में हरियाणा को पूरे देश में तीसरा स्थान मिलने पर सभी हरियाणा वासियों को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार नवाचार (इनोवेशन) को प्रोत्साहित करने के लिए उत्तम वातावरण का सृजन कर रही है। प्रदेश में समग्र विकास सुनिष्चित करने के लिए राज्य सरकार ने हर क्षेत्र में कई नई पहल की हैं। कृषि और इंडस्ट्री आदि क्षेत्रों में सरकार ने इनोवेशन को बढ़ावा देने का काम किया है। हरियाणा सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं और नवाचार को प्रोत्साहित करने की नीतियों का ही परिणाम है कि नीति आयोग के इंडिया इनोवेशन इंडेक्स 2021 में प्रमुख राज्यों में हरियाणा शीर्ष राज्यों में शामिल हो गया है। इस इंडेक्स में हरियाणा को तीसरा स्थान हासिल हुआ है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा सरकार लगातार सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जनवरी 2021 में जारी किए गए इंडेक्स में हरियाणा छठे स्थान पर था लेकिन इस बार हरियाणा तीन पायदान चढ़ते हुए शीर्ष राज्यों में शामिल हो गया है।

उल्लेखनीय है कि इंडिया इनोवेशन इंडेक्स 2021 को नीति आयोग के उपाध्यक्ष, श्री सुमन बेरी द्वारा गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में जारी किया गया। नीति आयोग

# साप्ताहिक सूचना पत्र

और इंस्टीट्यूट ऑफ कॉम्पिटिटिवनेस द्वारा तैयार किया गया भारत नवाचार सूचकांक देश के नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र के मूल्यांकन और विकास के लिए एक व्यापक उपकरण है। यह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को उनके बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बनाने के लिए उनके नवाचार प्रदर्शन पर रैंक करता है।

इस इनोवेशन इंडेक्स को ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स की तर्ज पर तैयार किया गया है। पिछले संस्करणों में 36 संकेतकों के आधार पर विश्लेषण किया गया था लेकिन इस बार 66 संकेतकों का इस्तेमाल किया गया। पहले और दूसरे इनोवेशन इंडेक्स क्रमश अक्टूबर 2019 और जनवरी 2021 में जारी किए गए थे।

## मंत्रिमंडल की बैठक

(दिनांक 21.07.22)



**विषय: मंत्रिमंडल की बैठक।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में हरियाणा सचिवालय चंडीगढ़ में कैबिनेट की बैठक हुई। जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए जिसमें

- परिवहन विभाग हरियाणा (ग्रुप ए) सेवा नियम, 2022 के निर्धारण के संबंध में प्रस्ताव को मंजूरी देना,

# साप्ताहिक सूचना पत्र



- हरियाणा राज्य सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक लिमिटेड द्वारा डिबेंचर/ऋण की फ्लोटेशन के लिए एक हजार करोड़ रुपये की ब्लॉक गारंटी के नवीनीकरण के प्रस्ताव को मंजूरी देना।
- सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली, 2016 के नियम 24 में संशोधन के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान करना।
- हरियाणा राज्य सूचना आयोग के ग्रुप–ए और बी पदों के सेवा नियम बनाने के संबंध में एक प्रस्ताव को मंजूरी देने के साथ ही मानसून सत्र की तारीख पर भी सहमति बनी जिसके अनुसार हरियाणा विधानसभा का मानसून सत्र 8 अगस्त से शुरू होगा। इसके साथ ही हरियाणा पुलिस में 2 हजार स्पेशल पुलिस आफिसर (एसपीओ) की भर्ती पर भी चर्चा की गई। हरियाणा पुलिस में 2 हजार स्पेशल पुलिस आफिसर (एसपीओ) की भर्ती की जानी है। इसके तहत भूतपूर्व सैनिकों, केंद्रीय अर्धसैनिक बलों, हरियाणा राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल आदि के जवानों को भर्ती किया जाएगा। कैबिनेट ने इनकी भर्ती के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र को ऑनलाइन बनवाने की योजना

(दिनांक 22.07.22)



**विषय: पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र को ऑनलाइन बनवाने की योजना।**

**प्रभाव:** मुख्यमंत्री जी ने आज परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) आधारित पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र की ऑनलाइन सेवा को लॉन्च किया। इसके माध्यम से अब पात्र व्यक्ति महज एक क्लिक से अपना पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र बनवा सकेंगे। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इसके माध्यम से लोगों को कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ेगे। ऑनलाइन सेवा से ज्यादा लाभ मिलेगा।

ऑनलाइन सेवा की लॉन्चिंग के बाद मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा में अभी तक 22 लाख पिछड़ा वर्ग के परिवारों ने परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) में रजिस्ट्रेशन किया है। इनमें से 19 लाख परिवारों की इनकम पीपीपी के माध्यम से वैरिफाई हो चुकी है। इनका डाटा अपडेट कर दिया गया है। यह परिवार सरल पोर्टल के माध्यम से अपना पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र बनवा सकते हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि बचे हुए परिवारों की इनकम वैरिफिकेशन का काम अभी चल रहा है जिनकी इनकम वैरिफिकेशन अभी बाकि है और यदि उन्हें पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र चाहिए तो वह जैसे ही सरल पोर्टल के माध्यम से अप्लाई करेंगे, तत्काल प्राथमिकता देते हुए उनकी इनकम वैरिफिकेशन करवाई जाएगी और जल्द से जल्द उनका पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र बनाया जाएगा।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## हिसार के 'इंटीग्रेटिड एवियेशन हब' से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक

(दिनांक 22.07.22)



**विषय: हिसार के 'इंटीग्रेटिड एवियेशन हब' से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी आज हिसार एयरपोर्ट के लिए चल रहे कामों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री जी ने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि 'महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट, हिसार' पर विकसित किए जा रहे 'इंटीग्रेटिड एवियेशन हब' से संबंधित कार्यों में तेजी लाई जाए, यह एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर का प्रोजेक्ट है और इससे प्रदेश में विकास को गति मिलेगी।

मुख्यमंत्री जी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 'महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट,हिसार' को विकसित करने में देरी न की जाए और इसके लिए धन को जारी करने में ढिलाई नहीं बरती जानी चाहिए । उन्होंने एयरपोर्ट की बाऊंड्री के निर्माण कार्य व लाईटस लगाने के काम में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि वर्ष 2023 में इस एयरपोर्ट से विमान–सेवा नियमित रूप से आरंभ कर दी जाए। उन्होंने नई दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट से 'महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट,हिसार' तक रेल कनैक्टिविटी के लिए रूट को जल्द से जल्द फाइनल करने , विमान–सेवा के लिए हिसार से विभिन्न रूट्स तय करने के निर्देश देते हुए कहा कि इस एयरपोर्ट के लिए जलापूर्ति, ड्रेनेज सिस्टम तथा रॉ–वॉटर

# साप्ताहिक सूचना पत्र


के स्टोरेज के लिए किए जा रहे कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए।

बैठक में मुख्यमंत्री जी को अवगत करवाया गया कि पर्यावरण एवं वन विभाग द्वारा 'इंटीग्रेटिड एवियेशन हब' के दूसरे चरण के विकास कार्यों के लिए 23 नवंबर 2020 को क्लीयरेंस मिलने के बाद एयरक्रॉफ्ट पार्किंग के लिए तीन बड़े हैंगर का निर्माण 18 अगस्त 2021 को पूरा हो चुका है। इसके अलावा, निर्माण–स्थल से पुरानी बिल्डिंग्स को तोड़ दिया गया है और वॉटर–चौनलस को शिफ्ट कर दिया गया है। करीब 7,115 एकड़ जमीन का म्यूटेशन भी नागरिक उड्डुयन विभाग के नाम हो चुका है। इसी प्रकार, रन–वे, पीटीटी, टैक्सी–वे, एप्रोन आदि का 80 प्रतिशत तथा 33 केवी सब–स्टेशन का निर्माण का काम 70 प्रतिशत तक पूरा कर लिया गया है।

मुख्यमंत्री जी ने 'इंटीग्रेटिड एवियेशन हब' से संबंधित कार्यों की सिलसिलेवार समीक्षा की और शेश कार्यों को निर्धारित अवधि में पूरा करने के निर्देश दिए।

## विश्व एथलेटिक्स चौंपियनशिप में रजत पदक जीतने पर नीरज चोपड़ा को बधाई

(दिनांक 24.07.22)




**विषय: विश्व एथलेटिक्स चौंपियनशिप में रजत पदक जीतने पर नीरज चोपड़ा को बधाई।**

**प्रभाव:** मुख्यमंत्री जी ने गोल्डन बॉय नीरज चोपड़ा को विश्व एथलेटिक्स चौंपियनशिप में रजत पदक जीतकर इतिहास रचने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं । उन्होंने कहा कि हरियाणा के लाल नीरज चोपड़ा देश का गौरव हैं।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

वे विश्व एथलेटिक्स चौंपियनशिप में पदक जीतने वाले भारत के पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि नीरज चोपड़ा ने एक बार फिर देश और हरियाणा का नाम पूरे विश्व में रोशन किया है। मुख्यमंत्री जी ने नीरज के चाचा श्री भीम चोपड़ा से फोन पर बात करके बधाई दी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हमारा लक्ष्य हरियाणा को खेलों का हब बनाना है। इसके लिए नीरज चोपड़ा जैसे होनहार खिलाड़ी युवा पीढ़ी को प्रेरित करने का काम करेंगे । नीरज चोपड़ा जैसे युवाओं के कारण ही हरियाणा खेलों में विश्व स्तर पर अपना परचम लहरा रहा है। और खेल की दुनिया में आज हमने एक कदम और आगे बढाया है। प्रदेश सरकार की नीतियों और हरियाणा के खिलाड़ियों के प्रदर्शन की पूरे विश्व में चर्चा हो रही है।

उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार ने उत्कृश्ट खिलाडियों के लिए सुरक्षित रोजगार सुनिष्चित करने हेतु 'हरियाणा प्रतिभाशाली खिलाड़ी नियम–2018' बनाये हैं। उनके लिए खेल विभाग में 550 नए पद सृजित किए हैं। इसके अलावा, 7 मई 2022 तक 156 खिलाडियों को सरकारी नौकरी दी गई है।

खिलाडियों के लिए क्लास वन से क्लास फोर तक के पदों की सीधी भर्ती में आरक्षण का प्रावधान किया गया है। अर्जुन, द्रोणाचार्य और ध्यानचंद पुरस्कार जीतने वाले खिलाडियों का मानदेय 5,000 रुपये से बढ़ाकर 20,000 रुपये प्रतिमाह किया गया है। तेनजिंग नोर्गे राश्ट्रीय साहसिक पुरस्कार विजेताओं को 20 हजार रुपये प्रतिमाह और भीम पुरस्कार विजेताओं को 5,000 रुपये प्रतिमाह मानदेय देने की शुरुआत की है।


इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में खेलों को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास हेतू हरियाणा सरकार निरंतर कार्य कर रही है। परिणामस्वरूप प्रदेश के बेटे–बेटियां राष्ट्रीय व अंतरराश्ट्रीय स्तर पर खेलों में नाम रोशन कर तिरंगे की शान बढ़ा रहे हैं। इसी कड़ी में अब खेल एवं युवा मामले विभाग ने खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने के लिए 10 डे–बोर्डिंग और 8 आवासीय अकादमियां भी शुरू की हैं।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## 10वीं में 100 प्रतिशत अंक लाने वाली छात्रा अंजलि को बधाई

(दिनांक 24.07.22)

**विषय: 10वीं में 100 प्रतिशत अंक लाने वाली छात्रा अंजलि को बधाई।**



**प्रभाव:** मुख्यमंत्री जी ने 10वीं कक्षा में 100 प्रतिशत अंक लाने वाली महेंद्रगढ़ की छात्रा अंजलि को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी और कहा की उन्होंने पूरे प्रदेश का मान बढ़ाया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने अंजली से भविश्य में उन्हें क्या बनना है यह भी पूछा। जिसके जवाब में उन्होंने डॉक्टर बनने की इच्छा जताई साथ ही घर की स्थिति आर्थिक रूप से अनुकूल न होने की बात कही तो। मुख्यमंत्री जी ने उन्हे निष्चिंत होकर पढ़ाई पर ध्यान देने के लिए कहा और कहा की उन्हे चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है उनकी चिंता हरियाणा सरकार करेगी।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने अंजली की पढ़ाई और मेडिकल की तैयारी के लिए उन्हें 2 साल तक 20 हजार रुपये महीने की छात्रवृति देने की घोशणा की।

मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉल के माध्यम से छात्रा अंजलि और उनकी माताजी को भी हार्दिक बधाई दी।

बता दें कि छात्रा अंजलि ने सीबीएसई की 10वीं कक्षा की परीक्षा में 100 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। छात्रा अंजलि को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि उसने न केवल रिकॉर्ड तोड़ा है बल्कि ऐसा रिकॉर्ड बनाया है, जिसे आगे भी कोई नहीं तोड़ सकता है। उन्होंने अंजलि को भविश्य में आगे बढ़ते हुए देश, प्रदेश, गांव और माता–पिता का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दी।